मंगलवार
12 दिसम्बर 2023



पृष्ठ 4
गुस्से के लिए सेरोटोनिन हार्मोन जिम्मेदार, तो क्या दवाई खाकर घटा सकते हैं गुस्सा?



पृष्ठ 5
मस्त में रहने का एक दिल छू लेने वाली कहानी



● देहरादून
● वर्ष 31
● अंक 298
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**
कविता वह सुरंग है जिसमें से गुजर कर मनुश्य एक विश्व को छोड़ कर दूसरे विश्व में प्रवेश करता है।
— रामधारी सिंह दिनकर

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

## पीआरडी जवानों के हंगामे व भ्रष्टाचार के आरोपों से सीएम असहज

# अधिकारियों को लगाई फटकार, जांच के आदेश

विशेष संवाददाता

देहरादून। बीते कल पीआरडी के स्थापना दिवस कार्यक्रम में पीआरडी के जवानों के हंगामें और अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जाने की घटना को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को जमकर लताड़ लगाई। सीएम ने अधिकारियों को इस घटना के पीछे के कारणों का पता लगाने और आरोपो की सत्यता जानने के लिए आदेश दिए हैं।

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में पीआरडी के जवानों का इस तरह हंगामा करना और अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप मुख्यमंत्री के सामने लगाया जाना कोई सामान्य घटना नहीं है। सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों की भी यह एक बड़ी नाकामी है। मुख्यमंत्री के किसी भी कार्यक्रम में इस तरह का विरोध प्रदर्शन और नारेबाजी तथा हंगामा होना और खुफिया एजेंसियों



तथा सुरक्षा कर्मियों व पुलिस कर्मियों को इसकी भनक तक न लग पाना उनकी एक बड़ी नाकामी के तौर पर देखा जा रहा है। इस घटनाक्रम से आहत मुख्यमंत्री

❑महानिदेशक को सौंपा गया जांच का जिम्मा
❑अमित सिन्हा खुद करेंगे जांच की निगरानी

पुष्कर सिंह धामी ने आज अधिकारियों को बुलाकर उन्हें कड़ी फटकार लगाई है साथ ही विशेष प्रमुख सचिव अमित सिन्हा को इस घटना की जांच करने के आदेश दिए हैं।

मुख्यमंत्री धामी की नाराजगी के मद्देनजर अमित सिन्हा ने अब पीआरडी के महानिदेशक को इसकी जांच सौंपी है। पत्रकारों को जब उनके द्वारा जांच कराने की जानकारी दी गई तो पत्रकारों ने अमित सिन्हा के सामने यह सवाल भी रखा कि जिन्हें जांच सौंपी गई है वह

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

# असामाजिक तत्व ने किया मन्दिर में पथराव, मुकदमा दर्ज

हमारे संवाददाता

देहरादून। राजधानी दून में कुछ आसामाजिक तत्वों द्वारा माहौल खराब करने की साजिशें की जा रही है। इस बात का खुलासा हर्रावाला स्थित एक सीसी टीवी कैमरे की फुटेज से हुआ है। जहां एक व्यक्ति द्वारा पहले तो मन्दिर परिसर में गन्दगी की गयी। फिर उसके बाद उसने मन्दिर में पथराव भी किया। मामले का वीडियों वायरल होने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं मामले में हिन्दू संगठनों द्वारा कड़ा विरोध जताया गया है।



भाईचारे के लिहाज से देवभूमि उत्तराखण्ड को एक शांत प्रदेश माना जाता है, जिसकी मिशाल देश दुनिया में है। लेकिन इसके बावजूद कभी कभार यहां भी कुछ असामाजिक तत्व माहौल खराब करने की फिराक में लगे रहते है। जिसका उदाहरण बीते कुछ समय में राज्य के पहाड़ी क्षेत्रे सहित मैदानी क्षेत्रें में भी सामने आया है।

ऐसा ही एक मामला राजधानी देहरादून के हर्रावाला में आज सुबह देखने को मिला। जिसका वीडियों सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद हिन्दू संगठनों द्वारा कड़ा विरोध जताया गया है। वायरल वीडियों में साफ देखा जा रहा है कि एक असामाजिक तत्व देर रात मन्दिर परिसर में पहुंचा और पहले तो उसने यहां गन्दगी की फिर उसके बाद उसके द्वारा मन्दिर में पथराव भी किया गया। सुबह मामले की जानकारी मिलने पर क्षेत्रवासियों सहित कई हिन्दू संगठन मौके पर पहुंचे और उनके द्वारा पुलिस को मामले की जानकारी दी गयी। मामले में पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपी असामाजिक तत्व की तलाश शुरू कर दी है।

## अमेरिका में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार विवेक रामास्वामी को मिली जान से मारने की धमकी

वाशिंगटन। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के भारतीय मूल के उम्मीदवार विवेक रामास्वामी को जान से मारने की धमकी दी गई है। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि न्यू हैम्पशायर के एक व्यक्ति ने सोमवार को आयोजित इलेक्शन प्रोग्राम के दौरान उन्हें जान से मारने का धमकी भरा मैसेज भेजा। आरोपी की पहचान 30 वर्षीय टायलर एंडरसन के तौर पर की गई है। यूएस के न्याय विभाग के अनुसार आगामी कार्यक्रम के लिए एंडरसन ने दो हैरान करने वाला संदेश जारी किया था। पुलिस ने टायलर एंडरसन को गिरफ्तार कर लिया है। अपने पहले संदेश में आरोपी ने कहा, श्बढ़िया, मेरे लिए उम्मीदवार के सिर को उड़ाने का अच्छा मौका है। अपने दूसरे संदेश में उसने कहा, मैं इसमें शामिल होने वाले सभी लोगों को मार डालूंगा। इसके बाद रामास्वामी की टीम ने इस धमकी पर प्रतिक्रिया देते हुए पुलिस को इसकी जानकारी दी। हालांकि रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी अटॉर्नी कार्यालय ने राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार का नाम नहीं बताया। लेकिन दस्तावेजों के मुताबिक उस जगह होने वाले चुनावी प्रोग्राम का आयोजन विवेक रामास्वामी के लिए निर्धारित था।



## पाकिस्तान के आर्मी बेस पर आत्मघाती हमला, 23 लोगों की मौत

कराची। पाकिस्तान में एक आर्मी बेस पर मंगलवार को एक आत्मघाती हमला होने की जानकारी सामने आई है। इस हमले में कम से कम 23 लोगों की मौत होने की खबर है। एक अधिकारी के मुताबिक पाकिस्तानी तालिबान से जुड़े आतंकियों ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। एक स्थानीय अधिकारी ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि मंगलवार तड़के हुए इस हमले में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के डेरा इस्माइल जिले में स्थित आर्मी बेस को निशाना बनाया गया। अधिकारी ने कहा कि मारे गए लोगों में कई सो रहे थे और साध ारण कपड़ों में थे। इसलिए अभी इस बात की जांच की जा रही है कि क्या जान गंवाने वाले सभी सैन्य कर्मी थे। इसके साथ ही 27 लोग घायल भी हुए



हैं। जानकारी के अनुसार यह आत्मघाती हमला एक स्कूली इमारत के परिसर में हुआ जिसका इस्तेमाल मेकशिफ्ट मिलिट्री बेस की तरह किया जा रहा था। पाकिस्तानी तालिबान से जुड़े एक नए समूह तहरीक-ए-जिहाद पाकिस्तान ने इसकी जिम्मेदारी लेते हुए कहा है कि हमले की शुरुआत सुबह करीब 2.30 बजे एक लड़ाके की ओर से श्शहादत के हमलेश के साथ हुई। इसके बाद बाकी आतंकियों ने परिसर में तबाही मचाई।

जियो न्यूज के मुताबिक सुरक्षा बलों ने गोलीबारी के दौरान चार आतंकवादियों को भी मार गिराया। इससे पहले खबर आई थी कि हमले में तीन पुलिस अधि कारी मारे गए हैं। कई लोगों की मौत तब हुई जब वो सो रहे थे और आम कपड़ों में थे। इसलिए इस बात को भी सुनिश्चित नहीं किया जा पा रहा है कि जो मारे गए थे क्या वह सभी सैन्यकर्मी थे। हमले की जिम्मेदारी तहरीक-ए-जिहाद पाकिस्तान (टीजेपी) ने ली है। इस संगठन ने पाकिस्तान में कुछ बड़े हमलों का दावा किया है। ग्रुप के प्रवक्ता मुल्ला कासिम ने इसे आत्मघाती मिशन हमला करार देते हुए कहा कि इसे मावलवी हसन गंडापुर ने अंजाम दिया था। इस संगठन के बारे में ज्यादा कोई नहीं जानता है। लेकिन कुछ लोग इसे टीटीपी का ही हिस्सा कहते हैं।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# एक ऐतिहासिक फैसला

केंद्र की मोदी सरकार द्वारा अगस्त 2019 को जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाली धारा 370 को रद्द करते हुए उसे दो केंद्र शासित राज्यों में बांटने का जो फैसला किया गया था उसे फैसले की देश और विदेश तक तीखी प्रतिक्रियाएं हुई। धारा 370 और 35 ए जिसके तहत इसे स्वायत्तता का अधिकार प्राप्त था उसका दुरुपयोग कथित हुर्रियत जैसे संगठनों द्वारा किस तरह किया जा रहा था और कश्मीर को अपनी बपौती समझ लिया गया था यह किसी से भी छिपा नहीं है। हजारों की संख्या में प्रताड़ित कश्मीरी पंडितों का पलायन होने के बावजूद केंद्रीय सुविधाओं पर उनके ऐश मौज करने के इतिहास से पूरा देश ही नहीं पूरा विश्व वाफिक है। जिस जम्मू कश्मीर सभा ने इसे लागू किया था उसका अस्तित्व समाप्त होने के बावजूद भी यह लोग यह माने बैठे थे कि इसे समाप्त करने का अधिकार केवल उस संविधान सभा को ही है जिसने इसे लागू किया था। लेकिन कल आए सुप्रीम कोर्ट की फैसले के बाद अब सभी के मुगालते दूर हो चुके हैं। देश की सर्वोच्च अदालत ने केंद्र सरकार के उसे फैसले को ही सही नहीं ठहराया है जो जम्मू कश्मीर से धारा 370 को समाप्त करने का था अपितु जम्मू कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दिए जाने और सितंबर 2024 तक अन्य राज्यों की तरह चुनाव कराने का भी निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले की रोशनी में अब यह साफ हो गया है कि लद्दाख जिसे केंद्र सरकार द्वारा केंद्र शासित राज्य का दर्जा दिया गया तथा जम्मू कश्मीर एक पूर्ण राज्य बन चुका है। सरकार जम्मू कश्मीर पुनर्गठन विधेयक को पहले ही मंजूरी दे चुकी है तथा यहां सीटों के परिसीमन की प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है जिसके अनुसार जम्मू में 43 और कश्मीर में 47 विधानसभा सीटें होगी। 90 सदस्यीय सीटों वाली जम्मू कश्मीर सरकार अगले साल सितंबर में अस्तित्व में आ जाएगी इस काम में अब केंद्र सरकार के आगे संवैधानिक दिक्कतें आने वाली नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने उन 23 याचिकाओं की सुनवाई करते हुए जिनमें धारा 370 को समाप्त किए जाने के केंद्र सरकार के फैसले को चुनौती देते हुए गलत बताया जा रहा था वह फैसला सही था और सुप्रीम कोर्ट ने याचिका कर्ताओं की सभी दलीलों को खारिज कर दिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा है कि अब आगे बढ़ने का समय है। कुल मिलाकर जम्मू कश्मीर में एक अच्छी और मजबूत सरकार बनाने के लिए क्या करना है? इस पर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को फैसला लेना है कि कैसे आगे बढ़ना है। केंद्र सरकार द्वारा जम्मू कश्मीर में चुनाव लड़ने और अपने मताधिकार का प्रयोग करने में सभी उन व्यवस्थापितों को भी शामिल किया गया है जिन्हें बीते समय में कश्मीर छोड़ने पर विवश होना पड़ा। कश्मीर के सभी विस्थापित इस चुनाव में भाग ले सकेंगे। यूं तो केंद्र सरकार द्वारा जम्मू कश्मीर से धारा 370 को हटाने का जो फैसला 2019 में किया गया था उसके बाद से जम्मू कश्मीर और लद्दाख के सामाजिक और राजनीतिक हालात में भी भारी बदलाव आया है। कश्मीर जहां स्थानीय नेताओं के संरक्षण में आतंकवाद का जो खेल चल रहा था उसका ताना-बाना अब छिन्न-भिन्न हो चुका है तथा कश्मीर में अमन और शांति की बहाली धीरे-धीरे हो रही है लेकिन अभी पाकिस्तान की सीमा से आतंकवादियों की आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध नहीं लग सकता है लेकिन राज्य में अब एक सरकार का गठन होने के बाद यहां के हालात और अधिक तेजी से सुधरेंगे यह लगभग तय हो चुका है। जहां तक भारतीय लोकतंत्र और राष्ट्रीय एकता और अखंडता का सवाल है इसकी मजबूत और दृढ़ इच्छा शक्ति को बढ़ाने की दिशा में सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला मील का पत्थर साबित होगा। तथा जम्मू कश्मीर जिसके बारे में यह कहा जाता है कि अगर धरती पर कहीं स्वर्ग है तो यही है, वह वास्तव में स्वर्ग बन जाएगा। जम्मू कश्मीर का आम आवाम जिसने देश की मुख्य धारा से जुड़े रहकर भी अब तक तमाम तरह की मुसीबतें झेली है आने वाले समय में उसे इन तमाम दिक्कतों से मुक्ति मिलने का रास्ता अब तैयार हो चुका है। बस देखना यह है कि जम्मू कश्मीर के पूर्ण राज्य बनने की प्रक्रिया और जम्मू कश्मीर सरकार के गठन में कितना समय लगता है।

## फोन पर जान से मारने की धमकी देने पर मुकदमा दर्ज

देहरादून (संवाददाता)। फोन पर गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सहारनपुर रोड निवासी रोहित छाबडा ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पास एक कॉल आयी तथा कॉल करने वाले ने अपना नाम शोएब निवासी पोंटा साहिब बताते हुए उसके साथ गाली गलौच करनी शुरू कर दी। उसने जब उसका विरोध किया तो उसने उसको जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

तरत्स मन्दी धावति धारा सुतस्यान्धसः।
तरत्स मन्दी धावतिः
(ऋग्वेद ९-५८-१)

ईश्वर के प्रति समर्पण आनंद प्रदान करता है। विद्वानों द्वारा दिया हुआ ज्ञान पापवृति को नष्ट करता है और मनुष्य को ज्ञान-कर्म-उपासना के पथ पर अग्रसित करता है।

# समस्याओं को लेकर ग्रामीण डाक सेवक अनिश्चित कालीन हड़ताल पर

संवाददाता

देहरादून। अपनी मांगों के निस्तारण ना होने पर डाक सेवकों ने अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ के बैनर तले मुख्य डाकघर में धरना देकर अनिश्चित कालीन हडताल का ऐलान किया।

आज यहां डाक सेवक घंटाघर स्थित मुख्य डाकघर में एकत्रित हुए तथा उन्होंने अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ के बैनर तले धरना देकर अनिश्चित कालीन हडताल पर जाने का निर्णय लिया। इस दौरान उनका कहना था कि विभाग के द्वारा कमलेश चन्द्र की सकारात्मक सिफारिशों को आज तक पूर्ण रूप से लागू न करने एवं विभिन्न समस्याओं का समाधान न होने के कारण अन्त: जीडीएस/पीजेसीए के केन्द्रीय संघ ने निर्णय लिया है कि एआईजीडीएसयू/ एनयूजीडीएस संघ को अपनी न्यायोचित मांगों के प्रति बाध्य होकर देश व्यापी अनिश्चित कालीन हडताल की जायेगी।

उन्होंने बताया कि उनकी मांग है कि ग्रामीण डाक सेवकों का कार्य समय 4-5 घंटा से बढाकर 8 घंटा किया जाये।




उन्होंने कहा कि कमलेश चन्द कमेटी की सिफारिशों के अनुसार समयबद्ध (टाईम बॉण्ड) 12, 24, 36 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर एक जनवरी 2016 से अति शीघ्र लागू किया जाये। उन्होंने कहा कि सामूहिक बीमा कवरेज की धनराशि को पांच लाख तक बढाई जाये। उन्होंने कहा कि एसडीबीएस योजना में ग्रामीण डाक सेवकों को तीन प्रतिशत के बजाय दस प्रतिशत किया जाय एवं सभी सेवा निवृत्त जीडीएस को तदर्थ पेन्शन दी जाय। उन्होंने कहा कि सभी प्रोत्साहन योजनाओ/प्रणालियों को समाप्त करें और जीडीएस द्वारा किये गये सभी कार्यों से सम्बन्धित जैसे आईपीपीबी, पीएलआई, बचत योजनाओं और एम जी एन आर ई जी धएस को उनके कार्य भार मूल्यांकन में शामिल किया जाये। धरने पर बैठने वालों में सुभाष पंवार, राजकुमार मधवाल, मोहन सिंह रावत, वन्दना गुरूंग, प्रतिभा पन्त, टीकानामर नौटियाला आदि शामिल थे।

## हवाई सेवाओं पर दिखने लगा ठंड का असर

ऋषिकेश(आरएनएस)। बढ़ते ठंड के साथ ही इसका असर हवाई सेवाओं पर देखने को मिल रहा है। देहरादून के जौलीग्रांट हवाई अड्डे पर यात्रियों की संख्या में लगभग 5० प्रतिशत की कमी हो गई है। बीते कुछ दिनों से संख्या में कमी आई है। ऐसे में कुछ हवाई सेवाओं में बदलाव हो सकता है। देहरादून व आसपास के क्षेत्रों में ठंड बढ़ने लगी है। ठंड का असर हवाई सेवाओं पर भी देखने को मिल रहा है। जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर हवाई यात्रियों की संख्या कम होती दिख रही है। शरदकाल में यहां प्रतिदिन 16 हवाई सेवाएं अपनी सेवा दे रही हैं। अभी कुछ दिन पहले तक जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर प्रतिदिन सात से आठ हजार यात्री आवागमन करते थे, लेकिन अब यह संख्या घटकर लगभग 4००० तक पहुंच गई है।

## सोलर लाइट से ग्रामीण क्षेत्रों में होगा उजाला

अल्मोड़ा(आरएनएस)। जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों की अंधेरी गलियां सोलर स्ट्रीट लाइट से रोशन होंगी। उरेडा 11 विकासखण्डों में राज्य योजना के तहत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में 15०० सोलर लाइट स्थापित करेगा। इससे अंधेरी गलियां रोशन होगी और जंगली जानवरों के आबादी में पहुंचने पर भी रोक लगेगी।

दरअसल, अल्मोड़ा के ज्यादातर गांवों में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में रात के समय यहां की गलियां और रास्ते अंधकारमय हो जाते हैं। अंधेरी गलियों और रास्तों में जंगली जानवरों का खतरा बना रहता है। अब उरेडा ने गांव की अंधेरी गलियों को रोशन करने की पहल शुरू की है। राज्य योजना के तहत उरेडा के तरफ से जिले के 11 विकासखंडों के गांवों में 15०० सोलर स्ट्रीट लाइट स्थापित होने से ग्रामीणों को राहत मिलेगी। इनकी रोशनी से जहां अंधेरी गलियां रोशन होंगी वहीं तेंदुए, जंगली सूअर और अन्य वन्य जीवों को आबादी में पहुंचने से रोका जाएगा।

उरेडा के मुताबिक, सोलर लाइट की शासन स्तर पर खरीद होगी। गांव में सोलर लाइट स्थापित करने का प्रस्ताव पहले ही भेजा जा चुका है। गांव में सोलर लाइट स्थापित करने की जिम्मेदारी संबंधित कंपनी या फर्म की होगी। करीब एक साल तक संबंधी फर्म इनका रख-रखाव करेगी।

# गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज होने पर किया सम्मानित

हमारे संवाददाता

देहरादून। मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन द्वारा राजपुर रोड स्थित दून विहार संजय ऑर्थोपेडिक्स सेंटर में पदमश्री डॉक्टर बी के एस संजय का नाम एक बार फिर से गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज होने पर संगठन के अध्यक्ष सचिन जैन एवं संगठन के अन्य पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष सचिन जैन ने बधाई देते हुए कहा कि पद्मश्री प्रो. बीकेएस संजय का नाम एक बार फिर से गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ है। संजय भारतीय मूल के एकमात्र ऐसे ऑर्थोपीडिक सर्जन है, जो दुनिया के 23 चेंज मेकर्स में से एक है। गिनीज ने उनके उत्कृष्ट चिकित्सीय, सामाजिक व अन्य कार्यों को देखते हुए उनका नाम चयनित किया है। गत तीन दिसंबर को लंदन के प्रतिष्ठित लॉर्ड क्रिकेट ग्राउंड में मेडल व गिनीज




सर्टिफिकेट देकर उन्हें सम्मानित किया गया है। डॉक्टर संजय ने पूरे भारत का सम्मान बढ़ाया और हम गौरवान्वित है कि हमें डॉक्टर संजय का सानिध्य निरंतर मिलता रहता है हमें इनसे बहुत कुछ सीखने को समय-समय पर मिलता रहता है और हमें भी उस मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है मैं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। इस मौके पर डॉक्टर संजय ने कहा कि मैं हमेशा आप लोगों के साथ हूं और आप सभी के साथ हर परिस्थिति में खड़ा मिलूंगा। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक नरेश चंद्र ने अपने विचार रखते हुए कहा कि किसी भी ऊंचाई पर पहुंचने के लिए बहुत त्याग समर्पण और सेवा की भावना होना आवश्यक है जो हमें ऊंचाईयों पर ले जाती है। इस अवसर पर संगठन की प्रदेश अध्यक्ष मधु जैन, राष्ट्रीय सरक्षक सुनील अग्रवाल, राजकुमार तिवारी विशंभर नाथ बजाज, मंजू शर्मा, एसपी सिंह,डॉ दिनेश शर्मा सोनिया आदि लोग मौजूद रहे।



## कई बीमारियों से भी बचाता है पर्वतारोहण

पहाड़ पर चढ़ना यानी पर्वतारोहण लोगों का साहसिक शौक माना जाता है, लेकिन इसके कई फायदे भी हैं। शोधकर्ताओं की माने तो इससे लोग शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहते हैं। तो अगली बार अगर कोई आपको हाईकिंग (पर्वतारोहण) पर चलने को कहे तो आपको भी इसमें शामिल हो जाना चाहिए। मोटापा या बढ़ते वजन की शिकायत से पीड़ित लोगों के लिए यह काफी फायदेमंद हो सकता है। अगर आप एक घंटे की हाईकिंग करते हैं तो उस एक घंटे में आपकी ५०० कैलोरीज घटती हैं।

दोस्तों के साथ चलते-चलते एक घंटे कब बीत जाते हैं पता भी नहीं चलता और आप ५०० कैलोरी भी बर्न कतर लेते हैं। इसके साथ ही अगर दूरी ज्यादा है तो आपका वजन भी ज्यादा घट सकता है। यह बात जानकर आपको बहुत आश्चर्य होगा कि हाइकिंग आपके शुगर लेवल को संतुलित करती है। जब आप हाइकिंग करते हैं तो आपकी सारी मांसपेशियां काम करती हैं और शरीर के ग्लूकोज भी ऊर्जा में परिवर्तित हो जाता है। जो लोग लगातार हाइकिंग करते हैं उन्हें हार्ट स्ट्रोक और हृदय की समस्या कम होती है। साथ ही साथ ब्लड प्रेशर भी ठीक रहता है। कोलेस्ट्रॉल भी कम करने में सहायक होता है। कार्डियो एक्सरसाइज से अपेक्षा लगातार हाइकिंग करने वाले लोगों में ब्लड प्रेशर संबंधित बीमारियां नहीं होती हैं जब आप हाइकिंग पर जाते हैं तो कई अनजान लोगों से मिलते हैं, जिनकी पसंद आपसे मिलती है। जो आपका हाइकिंग में काफी ज्यादा मदद भी करते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि हाईकिंग आपको शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखती है, लेकिन इसका सबसे बड़ा फायदा है कि ये आपको कैंसर जैसी बीमारियों से भी बचाती है। यह आपके शरीर में एंटी ऑक्सीडेंट बढ़ाता है।



## अब भोजपुरी में बनेगी पिफल्म 'एनिमल'

मुंबई। बॉलीवुड की हिट फिल्मों का भोजपुरी में बनना बेहद आम बात है। अक्सर भोजपुरी सिनेमा हिंदी फिल्मों की कॉपी बनाते हैं। कहानी से लेकर एक्टिंग करने का स्टाइल तक भोजपुरी फिल्मों में कॉपी किया जाता है। इन दिनों हर तरफ रणबीर कपूर और बॉबी देओल स्टार फिल्म एनिमल की चर्चा हो रही है। इस फिल्म ने कमाई के मामले में कई फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है। रणबीर और बॉबी के काम की जमकर तारीफ हो रही है। अब खबरें हैं कि इस ब्लॉकबस्टर फिल्म की कॉपी भोजपुरी में भी बनने जा रही है। भोजपुरी फिल्मों के मेकर्स रणबीर की इस हिट फिल्म को भोजपुरी में भी बनाना चाहते हैं। इतना ही नहीं माना ये भी जा रहा है कि रणबीर कपूर के रोल के खेसारी लाल यादव का नाम सामने आ रहा है। इसकेअलावा एक रिपोर्ट की मानें तो खेसारी लाल यादव इन दिनों अपनी अगली फिल्म डंस ही तैयारियों में जुटे हुए हैं और उनकी यही फिल्म एनिमल की कॉपी हो सकती है। भोजपुरी सिनेमा प्रेमी खेसारी लाल यादव को बेहद पसंद करते हैं। उनका खेसारी के लिए जबरदस्त क्रेज हैं। ऐसे में अगर खेसारी अपनी फिल्म में एनिमल के रणबीर कपूर बनते हैं तो उनके फैंस के लिए ये एक अच्छी खबर होगी। इसके अलावा ये भी कहा जा रहा है कि डंस में रणबीर की फिल्म के एक्शन सीन्स से लेकर फिल्म की कहानी तक को कॉपी किया जाएगा। भोजपुरी मेकर्स इस सिलसिले में फिल्म डायरेक्टर और एक्शन डायरेक्टर से बात भी कर रहे हैं। खबरों की मानें तो इस फिल्म में साउथ के भी सितारें भी नजर आने वाले हैं।

बनारस में जनवरी के महीने में फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी जाएगी। भोजपुरी स्टाइल में एनिमल को देखना फैंस के लिए काफी मजेदार होने वाला है। वहीं खेसारी लाल यादव को रणबीर कपूर की नकल करता देखना भी दिलचस्प होगा।

# गैस से होती है पेट की समस्या



पेट में गैस बनने के कारण विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पडता है। हर व्यक्ति के पेट में गैस बनती है। जो आपको कभी-कभी शर्मिंदा भी करा सकती है। यह शरीर से बाहर या तो डकार द्वारा या गुदा मार्ग से निकलती है। अधिकतर लोग 1 से 4 पिट्स गैस पैदा करते हैं और एक दिन में कम-से-कम 14 से 23 बार गैस पास करते हैं। जिन लोगों की पाचन शक्ति ठीक नहीं रहती और जो प्राय- कब्ज के शिकार रहते हैं, उनमें गैस की समस्या अधिक होती है। मशीनों पर निर्भर आधुनिक जीवनशैली ने शारीरक सक्रियता काफी कम कर दी है। लोगों ने अपनी खानपान की आदतें भी काफी बिगाड ली हैं। उन्हें आराम से चबा-चबाकर पोषक भोजन खाने के बजाए जल्दी-जल्दी जंक फूड खाना पसंद है। यही वजह है कि आजकल गैस की समस्या से काफी लोग परेशान रहते हैं। लंबे समय तक रहने वाली गैस की समस्या अल्सर में बदल सकती है जो और कई तरह की समस्याएं पैदा कर सकती हैं।

गैस बनने के कारण

निगली गई हवा द्वारा

एरोपैसगिया या निगली गई हवा पेट में गैस बनने का सबसे प्रमुख कारण है। हर कोई थोडी मात्रा में खाते और पीते समय हवा निगल लेता है। हालांकि, जल्दी-जल्दी खाने या पीने, च्यूंगम चबाने, धूम्रपान करने से कुछ लोग ज्यादा हवा अंदर ले लेते हैं, जिनमें नाइट्रोजन, ऑक्सीजन और कार्बन डाई ऑक्साइड होती हैं। कुछ हवा डकार के द्वारा बाहर निकल जाती है, लेकिन कुछ आंत में चली जाती है। बची हुई थोडी सी गैस यहां से बडी आंत में चली जाती है, जो गुदा मार्ग द्वारा बाहर निकलती है।

अनपचे भोजन के टूटने से

शरीर कुछ कार्बोहाइड्रेट को न तो पचा पाता है और न ही अवशोषित कर पाता है। कई भोज्य पदार्थों में शुगर, स्टार्च और रेशे पाए जाते हैं। छोटी आंत में कुछ निश्चित एंजाइमों की कमी या अनुपस्थिति से इनका पाचन नहीं हो पाता। यह अनपचा भोजन छोटी आंत से बडी आंत में जाता है, जहां बैक्टीरिया इस भोजन को तोडते हैं। इससे हाइड्रोजन, कार्बन डाईऑक्साइड और एक तिहाई लोगों में मिथेन निकलती है। उम्र बडने के साथ शरीर में एंजाइम का स्तर कम हो जाता है, इसलिए गैस की समस्या ज्यादा बड जाती है।

गैस बनने के लक्षण

पेट में गैस बनने के सबसे आम लक्षण हैं पेट फूल जाना, पेट में दर्द होना, डकार आना और गैस पास करना। इनके कारणों को समझकर उपचार किया जा सकता है।

डकार लेना

जब कोई व्यक्ति खाने के दौरान या बाद में डकार लेता है तो इसका अर्थ है कि उसने खाने के साथ ज्यादा मात्रा में हवा निगल ली है। लेकिन ज्यादा डकार आने का कारण पाचन तंत्र के ऊपरी भाग में पेप्टिक अल्सर या गैस्ट्रोपारेसिस जैसी समस्याएं हो सकता है।

पेट फूलना

पेट का फूलना गैस की वजह से हो सकता है या बडी आंत का कैंसर या हार्निया भी इसका कारण बन सकता है। ज्यादा वसायुक्त भोजन करने से पेट देर से खाली होता है। इससे भी पेट फूल जाता है और बेचैनी होती है।

पेट दर्द

जब आंत में गैस मौजूद होती है, तब कुछ लोगों को पेट दर्द होता है। जब बडी आंत की बायीं ओर दर्द होता है, तो इससे हृदय रोग का भ्रम होता है, लेकिन जब दर्द दायीं ओर होता है, तो यह एपेन्डिक्स हो सकता है।

फ्लैटुलेंस

इसे सामान्य भाषा में गैस पास करना कहते हैं। अधिकतर लोग यह नहीं जानते कि एक दिन में 14-23 बार गैस पास करना सामान्य बात है। अधिक गैस बनना कार्बोहाइड्रेट के अवशोषण नहीं होने का संकेत है।

वैससे पाए निजात-

लहसुन पाचन की प्रक्रिया को बडाता है और गैस की समस्या को कम करता है

नारियल पानी गैस की समस्या में काफी प्रभावकारी है

अदरक में पाचक एंजाइम होते हैं। खाना खाने के बाद अदरक के टुकडों को नींबू के रस में डुबोकर खाएं। गैस की समस्या से छुटकारा मिलेगा।

लंबे समय से गैस से पीडित हैं तो लहसुन की तीन कलियों और अदरक के कुछ टुकडों को खाली पेट खाएं।-

प्रतिदिन खाने के साथ टमाटर खाएं। अगर टमाटर में सेंधा नमक मिला लें तो और अधिक लाभ मिलेगा ।

पुदीना खाएं, क्योंकि इससे पाचनतंत्र ठीक रहता है ।

हरी इलाइची के पाउडर को एक गिलास पानी में उबालें। इसको खाना खाने के पहले गुनगुने रूप में पी लें। इससे गैस कम बनेगी।

# इन लोगों के लिए नुकसान दाएँ हो सकता है केला, जानें कैसे...

केले की गिनती चुनिंदा स्वादिष्ट और गुणकारी फलों में की जाती है। वैसे तो इसे खाने के बहुत सारे फायदे होते हैं। लेकिन कुछ कंडिशन्स में इसे ज्यादा खाने से आपकी सेहत को नुकसान हो सकता है। इसलिए आज हम आपको बता रहे हैं केले से होने वाले नुकसान के बारे में। आइये जानते है।

-केले में नेचुरल शुगर होता है। लेकिन अगर आप इसे अधिक माप में लेते हैं तो यह नुकसान पहुंचा सकता है। बहुत ज्यादा शुगर लेने से कई बार सिरदर्द और नींद में परेशानी हो सकती है।

-जिनका वजन ज्यादा होता है उन्हें केला नहीं खाना चाहिए क्योंकि इसमें कैलोरी की मात्रा ज्यादा होती है और ये वजन बढ़ाता है।



-केला खाने से मसल्स कमजोर होती हैं क्योंकि इसमें प्रोटीन कम होता है।

-केले स्टार्च से भरपूर होते हैं जो अंततः दांतों की सड़न का कारण बन सकते हैं। यह चॉकलेट, च्यूइंग गम या कैंडीज कसे ज्यादा नुकसानदायक हो सकते हैं। जो दांतों को किसी भी तरह से अधिक नुकसान पहुंचाती हैं।

- केले में फ्रक्टोज होता है इसलिए ज्यादा केला खाने से पेट में गेस हो सकती है।

- केले में अमीनो एसिड टाइरोसिन होता है, जो शरीर टायरामाइन में बदलता जाता है। टायरामाइन माइग्रेन सिर दर्द के हमलों और दर्द को ट्रिगर कर सकता है। केले खाने से सिरदर्द या माइग्रेन बढ़ता है क्योंकि इसमें थायरेमिन होता है। केला खाने से पेट अच्छे से साफ होता है, लेकिन केले में टैनिट एसिड पाचन तंत्र पर असर करता है।

# दुनियाभर में बजा एनिमल का डंका

रणबीर कपूर की लेटेस्ट रिलीज फिल्म 'एनिमल' ने देश ही नहीं पूरी दुनिया के बॉक्स ऑफिस पर हंगामा मचाया हुआ है. फिल्म को ऑडियंस से बेशुमार प्यार मिल रहा है और इसे देखने के लिए लोगों की दीवानगी बढ़ती ही जा रही है. इसी के साथ थिएटर्स हाउसफुल जा रहे है और नतीजतन 'एनिमल' पर खूब नोटों की बरसात हो रही है. चलिए यहां जानते हैं 'एनिमल' ने रिलीज के चार दिनों में वर्ल्डवाइड कितना कलेक्शन कर लिया है. संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित 'एनिमल' दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर दमदार परफॉर्म कर रही है. फिल्म ने ग्लोबली भी ऑडियंस को काफी प्रभावित किया है इसी के साथ वर्ल्डवाइड 'एनिमल' का डंका बज गया है. फिल्म की वर्ल्डवाइड चार दिनो की कमाई की बात करें तो इसने ग्लोबली 425 करोड़ छाप लिए हैं. फिल्म के मेकर्स ने एक्स (जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था) पर एक पोस्ट शेयर कर 'एनिमल' के वर्ल्डवाइड कलेक्शन का खुलासा किया है. पोस्ट मे लिखा गया है, एनिमल कॉन्क्वेज़ मंडे और



फिल्म को एक ब्लॉकबस्टर सक्सेस कहा गया है. फिल्म व्यापार विश्लेषक द्वारा की गई पोस्ट के मुताबिक एनिमल ने वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर अपने रिलीज के दिन 116 करोड़ रुपये कमाएं, पहले शनिवार को फिल्म का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 12० करोड़ रुपये रहा, रविवार को भी फिल्म ने ग्लोबली 12० करोड़ रुपये का कलेक्शन किया, मंडे को 'एनिमल' ने वर्ल्डवाइड 69 करोड़ रुपये की कमाई की. इसी के साथ 'एनिमल' का दुनियाभर में चार दिनों का कुल कलेक्शन 425 करोड़ रुपये हो गया है. वहीं 'एनिमल' के घरेलू बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो इसने रिलीज के चार दिनों में 241 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है. फिल्म के मंगलवार को यानी रिलीज के पांचवें दिन 25० करोड़ का आंकड़ा पार कर जाएगी. एनिमल ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर अपने मंडे कलेक्शन से सनी देओल की गदर 2 को भी पीछे छोड़ दिया . दरअसल इसने किसी हिंदी फिल्म के लिए नॉन हॉलीडे यानी सोमवार की सबसे ज्यादा कमाई करने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. बता दें कि एनिमल ने पहले सोमवार को 4०.०6 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया बै जबकि गदर 2 ने 38.7० करोड़ रुपये कमाए थे. अब देखने वाली बात होगी कि 'एनिमल' बॉक्स ऑफिस पर और क्या-क्या रिकॉर्ड ब्रेक करती है। (आरएनएस)

## फाइटर से सामने आई अनिल कपूर की झलक

पिछले कई दिनों से फिल्म फाइटर सुर्खियों में है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बन रही इस फिल्म से सबसे पहले ऋतिक रोशन का लुक सामने आया था।बीते दिन स्क्वाडन लीडर के रूप में दीपिका पादुकोण की दमदार झलक दर्शकों के बीच आई और अब अनिल कपूर का धमाकेदार अवतार सामने आ चुका है।फिल्म में वह ग्रुप कैप्टन राकेश जय सिंह उर्फ रॉकी की भूमिका में दिखेंगे। खुद अनिल ने एक पोस्ट कर यह खुलासा किया है।

वर्दी पहने कैप्टन की भूमिका में अनिल काफी जंच रहे हैं। वैसे भी वह अपनी जबरदस्त फिटनेस के लिए जाने जाते हैं और ये किरदार उन पर इसी वजह से काफी खिल रहा है। अनिल कपूर ने अपने सोशल मीडिया पर लुक शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, ग्रुप कैप्टन राकेश जय सिंह, कॉल साइन = रॉकी, डेजिग्नेशन = कमांडिंग ऑफिसर, यूनिट = एयर ड्रैगन, फाइटर फॉरएवर। फाइटर के निर्देशक सिद्धार्थ आनंद, पैटी के रूप में ऋतिक के भारत के बेस्ट फाइटर पायलट बनने के सफर को दर्शाते हैं। फिल्म के जरिए ऋतिक और दीपिका की जोड़ी पहली बार स्क्रीन पर नजर आएगी।

मार्फ्लिक्स पिक्चर्स के सहयोग से वायाकॉम18 स्टूडियो द्वारा निर्मित और प्रस्तुत, यह फिल्म भारत के 75वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर 25 जनवरी, 2०24 को सिनेमाघरों में आने के लिए तैयार है। इन दिनों अनिल अपनी हालिया फिल्म एनिमल को लेकर भी छाए हुए हैं। वह फिल्म में रणबीर कपूर के पिता के किरदार में दिखे हैं। उनकी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। (आरएनएस)


### वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

—प्रबंधक विज्ञापन


# गुस्से के लिए सेरोटोनिन हार्मोन जिम्मेदार तो क्या दवाई खाकर घटा सकते हैं गुस्सा?



गुस्सा आना एक सामान्य बात है। जो लोग अक्सर शांत रहते हैं उन्हें भी कभी-कभी गुस्सा आ जाता है। लेकिन बार-बार गुस्सा आना एक समस्या है। कई बार हम देखते हैं कि लोगों का गुस्से में खुद पर काबू नहीं रहता।

कभी-कभी लोग क्षणिक गुस्से में कुछ ऐसा कर बैठते हैं जिसका बाद में उन्हें पछतावा होता है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि गुस्सा आने का बायोलॉजिकल कारण क्या होता है। गुस्से के इस दौरान हमारे शरीर में,दिमाग में किस तरह के बदलाव आते हैं। अपने इस आर्टिकल में हम आपको इसी के बारे में जानकारी देंगे-

ये हार्मोन है जिम्मेदार

गुस्से के लिए जिम्मेदार हार्मोन की अगर बात करें तो सेरोटोनिन हार्मोन इसके लिए जिम्मेदार है। सेरोटोनिन की कमी के चलते लोगों को ज्यादा गुस्सा आता है। इसकी कमी को हेल्दी फूड से दूर किया जा सकता है। आपको यह जानकर दिलचस्प लगेगा कि हमारे शरीर में गुस्से के अलावा प्यार,खुशी,भावुकता जैसे इमोशन इन सबको हार्मोन कंट्रोल करते हैं।

गुस्से से क्या पड़ता है प्रभाव

गुस्सा हमारे शरीर और दिमाग को नकारात्मक तौर पर प्रभावित करता है। इसकी वजह से मन अशांत रहने लगता है। ब्लड प्रेशर,तेज हार्टबीट गुस्से की वजह से होने लगते हैं। गुस्सा आने पर शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा भी कम हो जाती है।

कैसे करें गुस्से पर काबू

गुस्सा काबू करने का सबसे अच्छा तरीका होता है कि तुरंत शांत होकर कहीं एकांत में चले जाएं। गुस्सा आने पर खुद का ध्यान उस बात से भटाकाना बेहतर होगा जिसकी वजह से आपको गुस्सा आ रहा है। खानपान का असर भी गुस्से पर पड़ता है ऐसे में नशीली चीजों का सेवन ना करें। फल,जूस,पौष्टिक खाना खाकर आप अपने गुस्से की समस्या को कम कर सकते हैं।

डॉक्टर की ले सकते हैं सलाह

अगर आपको छोटी-छोटी बातों में गुस्सा आता है तो यह एक बड़ी समस्या है। आप इससे निपटने के लिए किसी मनोचिकित्सक की सलाह ले सकते हैं। इस दौरान यह जरूरी है अपने गुस्से की आदत को आप चिकित्सक को खुले तौर बिना किसी हिचक के बताएं।

# फाइटर में दीपिका पादुकोण का दिखा दमदार लुक

फाइटर 2०24 की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है. हाल में इस फिल्म से ऋतिक रोशन का बहुप्रतीक्षित लुक सामने आया था. अब मेकर्स ने दर्शकों को फिल्म से दीपिका पादुकोण के एक्सक्लूसिव लुक की झलक भी दे दी हैं.

जी हां, फिल्म से स्क्वाड्रन लीडर मीनल राठौड़ उर्फ दीपिका पादुकोण का लुक सामने आ गया है, जिन्हें उनके कॉल साइन मिन्नी के नाम से भी जाना जाता है. एयर ड्रैगन्स यूनिट में एक स्क्वाड्रन पायलट के रूप में उनकी भूमिका लचीलेपन और वीरता को दर्शाती है. यह एक हेलीकॉप्टर पायलट के रूप में उनका पहला मिशन है.

स्क्वाड्रन लीडर मीनल राठौड़ का किरदार फाइटर में साहस, दृढ़ संकल्प और एक मजबूत भावना का प्रतिनिधित्व करता है. उसकी कहानी फिल्म में एक ऐसी नारीत्व की तस्वीर है, जो नई चुनौतियों का सामना करती है, मानदंडों को फिर से परिभाषित कर रही है और आने वाली पीढि?ों को प्रेरित कर रही है.

फाइटर बेहद खास फिल्म है. इस कहानी में बहुत कुछ नया देखने को मिलने वाला है. सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में और वायाकॉम18 स्टूडियो के साथ, मार्फ्लिक्स पिक्चर्स के साथ, ये फिल्म बनाई गयी है. बहुत सारे एक्शन और देशभक्ति की भावना के साथ यह फाइटर 25 जनवरी, 2०24, भारत के 75वें गणतंत्र दिवस के खास मौके पर रिलीज हो रही है.

## शब्द सामर्थ्य -013

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

**ऊपर से नीचे**

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. श्रृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | ■ | 2 | | 3 | ■ | ■ |
| | ■ | 4 | | | ■ | 5 | 6 | |
| 7 | | | ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| ■ | ■ | | ■ | 8 | 9 | | | 10 |
| 11 | | ■ | 12 | ■ | | ■ | ■ | |
| | ■ | 13 | | 14 | | ■ | ■ | |
| | ■ | 15 | | | ■ | 16 | | |
| 17 | 18 | | | ■ | 19 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | 20 | | | ■ | ■ |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 12 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मै | दा | न | ■ | स | र | ग | म | ■ |
| त्री | ■ | सी | ■ | ■ | क्षा | ■ | धु | र्रा |
| ■ | सा | ह | स | ■ | ■ | ■ | र | ■ |
| स्वा | ग | त | ■ | स | म | झौ | ता | ■ |
| व | र | ■ | ■ | र | ■ | ■ | ■ | म |
| लं | ■ | वि | ला | स | ■ | ■ | दा | म |
| बी | न | ■ | ज | ■ | सा | मा | न | ता |
| ■ | ज | ■ | वा | हि | या | त | ■ | ■ |
| त | र | की | ब | ■ | ना | ■ | खा | ली |

# दुनियाभर में एनिमल का भौकाल, हिला बॉक्स ऑफिस!

रणबीर कपूर की लेटेस्ट रिलीज फिल्म एनिमल का फीवर देश ही नहीं पूरी दुनिया पर चढ़ा हुआ है. इस क्राइम थ्रिलर के लिए दर्शकों की दीवानगी हर गुजरते दिन के साथ बढ़ती ही जा रही है. फिल्म में रणबीर कपूर और बॉबी देओल के खूंखार अवतार पर ऑडियंस दिल हार बैठी है और इसी के साथ सिनेमाघरों में एनिमल को देखने के लिए खूब भीड़ उमड़ रही है.

ऐसे में फिल्म पर नोटों की भी बरसात हो रही है. तमाम रिकॉर्ड ब्रेक करने के साथ एनिमल ने रिलीज के महज 6 दिनों में दुनियाभर में एक और माइलस्टोन पार कर लिया है. एनिमल का दुनियाभर में भौकाल मचा हुआ है. फिल्म बुलेट से भी तेज रफ्तार से कमाई कर रही है और इसने हर किसी को हैरान कर दिया है. एनिमल को रिलीज हुए 6 दिन ही हुए हैं और इसने कई रिकॉर्ड ब्रेक कर दिए हैं. यहां तक कि इसने शाहरुख खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म जवान और पठान को भी पीछे छोड़ दिया है. फिल्म की छठे दिन की वर्ल्डवाइड कमाई की बात करें तो इसने 520 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है. वर्ल्डवाइड फिल्म के डे वाइज ये हैं आंकड़े- पहले दिन एनिमल ने दुनियाभर में 116 करोड़ से ज्यादा की ओपनिंग की थी. दूसरे दिन फिल्म की वर्ल्डवाइड कमाई 120 करोड़ रुपये रही. तीसरे दिन एनिमल ने दुनियाभर में 120 करोड़ कमाए, चौथे दिन एनिमल की वर्ल्डवाइड कमाई 69 करोड़ रही, पांचवें दिन यानी मंगलवार को एनिमल ने दुनियाभर में 56 करोड़ का कलेक्शन किया है. छठे दिन एनिमल का दुनियाभर में कलेक्शन 527.6 करोड़ रुपये हो गया है. एनिमल ने घरेलू बाजार में भी रिलीज के छठे दिन इतिहास रच दिया था. ये फिल्म अपनी रिलीज के छठे दिन 30 करोड़ का कलेक्शन कर 300 करोड़ के पार हो गई है. इसका देश में सभी भाषाओं में 6 दिन का कुल कलेक्शन अब 312.96 करोड़ हो गया है. इसी के साथ इस फिल्म ने टाइगर 3 के लाइफटाइम कलेक्शन (282.30) का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है. वहीं फिल्म ने छठे दिन के कलेक्शन में जवान (24 करोड़ रुपये), पठान (25.5 करोड़) और बाहुबली 2 (26 करोड़) का रिकॉर्ड भी चकनाचूर कर दिया है.

# बॉक्स ऑफिस पर छा गई हाय नन्ना, नानी-मृणाल ठाकुर की फिल्म ने ओपनिंग डे पर की धांसू कमाई

साउथ स्टार नानी और मृणाल ठाकुर की मच अवेटेड फिल्म हाय नन्ना 7 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है. रिलीज के बाद फिल्म को ऑडियंस से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है. सिल्वर स्क्रीन पर नानी और मृणाल ठाकुर की केमिस्ट्री छा गई है. बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की कमाई भी शानदार हो रही है. इस बीच इस फिल्म के पहले दिन के कलेक्शन की जानकारी भी सामने आ गई है. रिपोर्ट के मुताबिक, नानी और मृणाल ठाकुर की फिल्म हाय नन्ना ने पहले दिन 7 करोड़ करोड़ रुपये का शानदार कलेक्शन कर लिया है. वैसे ये अभी अर्ली एस्टीमेट है. रियल डेटा सामने के बाद कमाई में और भी ज्यादा इजाफा देखने को मिल सकता है. हाय नन्ना एक पिता और उसकी 6 साल की बेटी की भावुक कहानी है. कई यूजर्स ने सोशल मीडिया पर फिल्म का रिव्यू करते हुए बताया कि ये फिल्म आंखें नम कर देती है. इसमें फिल्म में नानी और मृणाल ठाकुर के अलावा श्रुति हासन ने लीड किरदार निभाया है. लोग इस फिल्म जमकर अपना प्यार लुटा रहे हैं. फिल्म की कहानी एक इमोशनल जर्नी पर लेकर जाती है जिसे पर्दे पर बड़ी खूबसूरती के साथ उतारा गया है. फिल्म का म्यूजिक हेशम अब्दुल वहाब ने दिया है. नानी और मृणाल ठाकुर की फिल्म हाय नन्ना का निर्देशन शौरयुव ने किया है. ये मूवी हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगू, कन्नड़, मलयालम भाषाओं में रिलीज हुई है. इसके डिजिटल राइट्स भी बिक चुके हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक, अगले साल 2024 की जनवरी के तीसरे हफ्ते में हाय नन्ना ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो जाएगी.

# शाहरुख खान की डंकी की एडवांस बुकिंग विदेशों में शुरू, 21 दिसंबर को पर्दे पर आएगी फिल्म

हिंदी सिनेमा के मेगा सुपरस्टार शाह रुख खान किसी अलग पहचान के मोहताज नहीं हैं। अपनी कमाल की एक्टिंग से इस साल शाह रुख पठान और जवान जैसी मेगा ब्लॉकबस्टर मूवीज दे चुके हैं। मौजूदा समय में फिल्म डंकी को लेकर किंग खान का नाम लगातार सुर्खियां बटोर रहा है। इस बीच डंकी की एडवांस बुकिंग को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है, जो विदेशों में इस फिल्म की टिकटों की सेल से जुड़ा हुआ है। शाह रुख खान स्टारर डंकी का शानदार ट्रेलर 5 दिसंबर को रिलीज किया गया है।

इस ट्रेलर को देखने के बाद फैंस की एक्साइटमेंट इस फिल्म के लिए काफी बढ़ गई है। आलम ये है कि हर कोई डंकी की रिलीज का इंतजार कर रहा है। इस बीच यशराज फिल्म्स ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर डंकी की एडवांस बुकिंग से जुड़ा अपडेट साझा किया है। यशराज फिल्म्स के मुताबिक विदेशो में डंकी की एडवांस बुकिंग की शुरुआत हो गई है। वर्ल्डवाइड ये फिल्म 21 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यशराज फिल्म्स की तरफ विदेशों में शाह रुख खान की इस फिल्म की टिकटों की सेल आज यानी 7 दिसंबर से शुरू कर दी गई है। बता दें कि इस एडवांस बुकिंग के जरिए डायरेक्टर राजकुमार हिरानी की डंकी को रिलीज के बाद वर्ल्डवाइड कलेक्शन में काफी मुनाफा मिल सकता है।

# मस्त में रहने का एक दिल छू लेने वाली कहानी



2017 की शॉर्ट फिल्म खुजली में अभिनय करने के बाद, बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता जैकी श्रॉफ और नीना गुप्ता फिल्म मस्त में रहने का में साथ दिखाई दिए।

फिल्म में अभिषेक चौहान, मोनिका पंवार, राखी सावंत और फैसल मलिक भी हैं। इसका प्रीमियर 8 दिसंबर को भारत और 240 देशों और क्षेत्रों में प्राइम वीडियो पर हुआ।

विजय मौर्य द्वारा लिखित और निर्देशित, फिल्म का निर्माण पायल अरोड़ा और मौर्य ने अपने बैनर मेड इन मौर्य के तहत किया है।

मस्त में रहने का एक दिल छू लेने वाली कहानी है जो दो अलग-अलग पीढ़ियों की जिंदगी के बारे में बताती है। यह इस अहसास को दर्शाती है कि जीवन एक ऐसा खजाना है, जिसे संजोया जाना चाहिए और इसका भरपूर अनुभव किया जाना चाहिए, भले ही उम्र कुछ भी हो या यह आपके रास्ते में कितनी ही कठिनाइयां क्यों न लाये, जीवन को खुलकर जीना चाहिए।

कई प्रासंगिक क्षणों से भरपूर, नैरेटिव मानवीय अनुभव के सार को पकड़ती है, और हमें विश्वास है कि फिल्म सभी आयु वर्ग के दर्शकों के साथ तालमेल बिठाएगी।

निर्देशक विजय मौर्य ने कहा, मेरा मानना है कि यह फिल्म जीवन की जटिलताओं और चुनौतियों के बीच आत्मखोज के बारे में अनूठा दृष्टिकोण देती है। कहानी विविध पात्रों के इर्द-गिर्द घूमती है, और इसमें घटनाओं की एक सीरीज शामिल है जो उन्हें जीवंत शहर मुंबई में नए साथी के साथ जीवन को एक नई रोशनी में देखने के लिए प्रेरित करती है।

अपनी शर्तों पर जीवन जीने की राह में, इन पात्रों द्वारा अनुभव की जाने वाली बाधाएं उनकी पसंद को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करती हैं और उनके भविष्य के लिए रास्ता बनाती हैं। मुझे विश्वास है कि यह कहानी न केवल भारत के भीतर बल्कि दुनिया भर में बहुत से लोगों को पसंद आएगी। (आरएनएस)

# ऋतिक रोशन ने स्क्वाड्रन लीडर शमशेर पठानिया के लुक से उड़ाए होश

ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की सबसे बड़ी एरियल एक्शन फिल्म फाइटर को लेकर पिछले लंबे समय से चर्चा हो रही थी. फिल्म को लेकर फैंस बेहद एक्साइटडे हैं. वहीं फैंस के एक्साइटमेंट को दोगुना करने के लिए अब फिल्म से ऋतिक का पहला लुक जारी कर दिया गया है.

मकर्स ने लुक के साथ उनके किरदार को भी रीविल कर दिया गया है. जी हां, फिल्म में ऋतिक स्क्वाड्रन लीडर शमशेर पठानिया के रोल में नजर आएंगे जिन्हें उनके कॉल साइन पैटी के नाम से जाना जाता है. वहीं इस पोस्टर को शेयर करते हुए पैटी उर्फ स्क्वाड्रन लीडर शमशेर पठानिया के कैप्शन में लिखा कि स्क्वाड्रन लीडर शमशेर पठानिया, कॉल साइन- पैटी, डेजिग्नेशन- स्क्वाड्रन, पायलट, यूनिट- एयर ड्रैगन्स, फाइटर फॉरएवर...

वहीं ऋतिक के इस लुक को देखकर फैन्स काफी इंप्रेस्ड हैं. उनके इस पोस्ट पर कमेंट्स की बाढ़ आ गई है. 50 साल की उम्र में लोग उनकी फिटनेट देख हैरान हैं. किसी एक यूजर ने कमेंट में लिखा कि आप इतने फाइन कैसे हो सकते हैं.. तो कई लोगों ने उनके जॉ लाइन की तारीफ करते हुए दिखे.

वहीं इस फिल्म के जरिए ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण पहली बार बड़े पर्दे पर एक साथ नजर आने वाले हैं. ऐसें फैंस दोनों की जोड़ी को दखने के लिए बेताब हैं.

सिद्धार्थ आनंद ने डायरेक्शन में बनी इस एरियल एक्शन फिल्म में अनिल कपूर भी अहम भूमिका में होंगे. वहीं ऋतिक के साथ सिद्धार्थ की ये तीसरी फिल्म है. इससे पहले दोनों वॉर, बैंग बैंग में एक साथ काम कर चुके हैं.

फाइटर को भारत की पहली एरियल एक्शन फिल्म बताया जा रहा है, जिसमें ऋतिक और दीपिका हवा में स्टंट करते नजर आएंगे. यह वीएफएक्स से भरपूर मनोरंजक फिल्म है। बता दें कि फाइटर अगले साल 2024, 25 जनवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देगी.

# साउथ की जासूसी-थ्रिलर फिल्म जी2 में हुई बनिता संधू की एंट्री



भारतीय अभिनेत्री बनिता संधू अब साउथ सिनेमा में अपना जलवा बिखेरने के लिए तैयार हैं. टीम जी2 ने अपनी आगामी फिल्म के लिए बनिता को कास्ट करने की घोषणा की है. फिल्म का निर्देशन विनय कुमार करेंगे. बनिता संधू ने अपने करियर की शुरुआत हिंदी फिल्म अक्टूबर से की थी. इस फिल्म में वे वरुण धवन के अपोजिट नजर आई थीं. फिल्म को सुजीत सरकार ने डायरेक्ट किया था. इसके बाद वह तमिल फिल्म अदिथ्या वर्मा और अमेरिकी टीवी सीरीज पेंडोरा में भी नजर आई.

फिल्म के निर्माताओं का कहना है कि बनिता इस फिल्म के लिए परफेक्ट चॉइस हैं. वह एक बेहतरीन अभिनेत्री हैं और उनमें ग्लोबल अपील है. फिल्म की शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है. फिल्म का टाइटल और रिलीज डेट अभी तक सामने नहीं आई है. बनिता के फैंस उनकी इस नई फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं.

इस बारे में बात करते हुए, बनिता ने कहा, यह मेरी पहली अखिल भारतीय फिल्म है और मैं ऐसी अविश्वसनीय, दूरदर्शी टीम के साथ सहयोग करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। यह ऐसी भूमिका है जो मैंने पहले कभी नहीं की है। मैं दर्शकों के सामने बिल्कुल नए अवतार में आऊंगी। इस फिल्म पर काम करना मेरे लिए रचनात्मक आनंद होगा।

जी2 का निर्माण टीजी विश्व प्रसाद और अभिषेक अग्रवाल, पीपल मीडिया फैक्टरी, अभिषेक अग्रवाल आर्ट्स और एके एंटरटेनमेंट्स के साथ मिलकर कर रहे हैं। वहीं विनय कुमार सिरिगिनेडी अपने निर्देशन की शुरुआत कर रहे हैं।

फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है और यह 2024 के अंत तक सिनेमाघरों में दस्तक दे सकती है।बता दें, 2018 में गुडाचारी सिर्फ तेलुगू भाषा में रिलीज हुई थी, लेकिन बाद में निर्माताओं ने इंटेलिजेंट खिलाड़ी के रूप में इसे हिंदी में डब किया था।

फिल्म का विवरण गुप्त रखा गया है, इसलिए अभी तक ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है।(आरएनएस)

# कंट्री में मोदी, स्टेट में भी मोदी!

श्रुति व्यास

जनादेश आ गया है। लोगों ने अपने मन की बात बता दी है। राजस्थान से लेकर मध्यप्रदेश और वहां से लेकर छत्तीगढ़ तक सब तरफ मोदी ही मोदी हैंप्रदेशों के चुनावों में भी मोदी! क्या यह अजीब है? क्या यह चौकाने वाला है?

इन तीनों राज्यों में - चाहे वह शहर हो या गांव, चाहे वोट देने वाला युवा हो या बुजुर्ग, महिला हो या पुरूष - सबके दिल-दिमाग में एक ही चेहरा है, वह जो 'इंडिया' को 'भारत' बना सकता है।इसलिए 'प्रधानमंत्री हो तो मोदी हो'।अगले आमचुनाव के ठिक पांच महीने पहले लोगों ने यह साफ कर दिया है कि कमल ही उनकी पहली और आखिरी पसंद है। विधानसभा चुनाव में भी उनके मन में कोई दुविधा नहीं थी। पहले कहा जाता था ''देश में मोदी, प्रदेश में हमारा अपनाफ्रपरंतु इन विधानसभा चुनावों से य साफ हो गया है कि राज्य और राष्ट्रीय चुनावों में अब कोई भेद नहीं रहा गया है। स्थानीय चेहरों और स्थानीय मुद्दों का कोई महत्व ही नहीं है।मध्यप्रदेश में यदि भाजपा 160 से ज्यादा सीटें जीत सकी है तो उसका श्रेय पूरी तरह से शिवराज को नहीं मिलेगा। यह, दरअसल, नरेन्द्र मोदी की जीत है। राजस्थान में यदि भाजपा सत्ता में आई है तो उसका कारण अशोक गहलोत सरकार के खिलाफ सत्ता-विरोधी लहर नहीं है। उसका कारण है मोदी का जलवा। सभी जातियों के लोग मोदी पर आस्थावान हैं।

भाजपा ने यह जब स्पष्ट किया कि तीनों राज्यों में वह मोदी के चेहरे और उनकी गारंटी पर चुनाव लड़ेगी तो कई लोगों को यह बहुत बड़ा जुआ लगा। शायद यही कारण था कि एग्जिट पोल्स के नतीजे परस्पर विरोधाभासी थे। कांग्रेस ने कोई राष्ट्रीय चेहरा प्रस्तुत नहीं किया और उसने तीनों राज्यों में अलग-अलग क्षत्रपों को अपना चेहरा बनाया। मध्यप्रदेश में चुनाव कमलनाथ बनाम नरेन्द्र मोदी था, राजस्थान में अशोक गहलोत बनाम नरेन्द्र मोदी और छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल बनाम नरेन्द्र मोदी।

और अब भाजपा को जितनी सीटें मिली हैं उससे साबित है कि मोदी-शाह का दांव एकदम सही पड़ा। दूसरी बात यह है कि जो कारक और कारण मोदी के खिलाफ थे उन्हें जनता ने नजरअंदाज कर दिया। मोदी के चेहरे के सामने छत्तीसगढ़ की धान राजनीति और मुफ्त रेवड़िंयें फीकी पड़ गईं। मध्यप्रदेश में न तो शिवराज के खिलाफ सत्ता-विरोधी लहर का कुछ असर दिखा और ना ही मामा की लाड़ली बहना योजना का। महत्व केवल मोदी के चेहरे का था। और यह सन् 2014 के चुनावों के बाद से लगातार होता आ रहा है। मोदी के चेहरे के बल पर भाजपा के कई ऐसे उम्मीदवार भी चुनाव जीत गए हैं जिन्हें उनके पड़ोसी तक नहीं जानते थे।

तो क्या मीडिया गलत सिद्ध हुआ? क्या वह जनता की नब्ज नहीं पकड़ पाया? दक्षिणपंथी मीडिया ने जहां दक्षिणपंथी नरेटिव चलाया वही वामपंथ की ओर झुके मीडिया ने अपने ढंग से चीजों को प्रस्तुत किया। वहीं मुझे पहले दिन से चुनाव में टक्कर कड़ी लगी। छतीसगढ से चुनाव रिपोर्टिंग शुरू करते हुए 6 नवंबर की पहली रिपोर्ट में मेरा हैडिंग दिया था - विधानसभा चुनाव 2023ऱ जैसा माना जा रहा वैसा नहीं माहौल!- छत्तीसगढ़ में लोगों का चुनावी मूड वैसा नहीं है जैसा राज्य के बाहर और खासकर दिल्ली में बैठे लोग मान कर चल रहे (याकि कांग्रेस की जीत) हैं और परिणाम कुछ भी हो सकता हैऱ-कांग्रेस के पक्ष में सब कुछ फिर भी मुकाबला!

रायपुर।(7 नवंबर), कसही (पाटन) तो फ्रभूपेश बघेल की काशी। (8 नवंबर) फ्रभूपेश बघेल के लिए क्यों कड़ा मुकाबला? (9 नवंबर)। भोपाल-'इलेक्शन टाईट'और कंफ्यूजन!-मध्यप्रदेश की राजधानी पहुँचते ही जो पहली बात सुनाई पड़ती है वह है 'इलेक्शन टाईट है'। या राजस्थान मेंसचिन में वह जोश नहीं और फ्रगहलोत तुझसे बैर नहीं, मंत्रियों की खैर नहींर

सो पहले छत्तीसगढ़ हो या आखिर में राजस्थान - इन दोनों राज्यों की यात्रा के पहले ही दिन मुझे यह समझ में आ गया था कि मुकाबला कड़ा है। मध्यप्रदेश में मसला सिर्फ चीजों को देखने के तरीके का था। बदलाव की बात हो रही थी मगर शिवराज को देखते-देखते लोग थक चुके हैं, ऐसा भी नहीं लग रहा था और ना ही कमलनाथ की जय-जयकार हो रही थी। बात सिर्फ चीजों को देखने के तरीके की थी।

कुल मिलाकर हिन्दी पट्टी में भाजपा की इस शानदार जीत से एक बात तो साफ है कि लोगों ने केवल और केवल मोदी का चेहरा देखकर वोट दिया।

सवाल है अब मोदी से लोगों की क्या उम्मीद होगी?मुझे लगता है कि लोग चाहेंगे कि उनके राज्यों का शासन चलाने के लिए मोदी सही व्यक्ति चुनें - उसी तरह का शासन चलाने के लिए जैसा वे दिल्ली से चला रहे हैं। यह बात मुझे राजस्थान में लोगों से बात करते हुए ज्यादा समझ में आई। जैसा कि मैंने अपनी चुनावी रिपोर्टों में लिखा था भाजपा के समर्थकों और प्रशंसकों को मुख्यमंत्री का चेहरा न होने से कोई फर्क नहीं पड़ रहा था। अशोक गहलोत कांग्रेस के मुख्यमंत्री फेस थे मगर वसुंधरा राजे या और कोई भी भाजपा का मुख्यमंत्री फेस नहीं था। जनता को लग रहा था कि चुनाव जीतने के बाद मोदी अपने जैसे किसी दृढ़ व्यक्ति, किसी योगी-नुमा नेता को मुख्यमंत्री के पद पर बिठाएंगे। फिर राममंदिर और सनातन धर्म तो था ही। छत्तीसगढ़ की आदिवासी पट्टी में भाजपा की जीत से साबित है कि सनातन धर्म ने आदिवासी इलाके में भी एन्ट्री ले ली है। छत्तीसगढ़ में न कोई क्षेत्रीय नेतृत्व था और न कोई क्षेत्रीय ताकत, ऐसे हालात में भाजपा ने इस राज्य को भूपेश बघेल से छीना है। भूपेश बघेल एक भले आदमी हैं जिन्होंने कांग्रेस द्वारा चुनाव से पहले किए गए सभी वायदों को पूरा किया था। जैसा कि मैंने 10 नवबंर को छत्तीसगढ़ से भेजी गई अपनी रिपोर्ट में लिखा था कि यहां लोगों का सोचना है कि 'स्टेट में बघेल, कन्ट्री में मोदी'मगर नतीजों से जाहिर है कि दरअसल लोग यह सोच रहे थे कि स्टेट में भी मोदी, देश में भी मोदी।

जहां तक कांग्रेस का सवाल है, हिन्दी पट्टी में अब उसकी पूछ-परख बहुत कम हो जाएगी। परंतु कर्नाटक के बाद तेलंगाना में कांग्रेस की जीत से एक नया नैरेटिव शुरू हो सकता है। अखाड़ा तैयार है। अगले चार महीने में लड़ाई उत्तर बनाम दक्षिण की होगी। जिस तरह 2023 के विधानसभा चुनाव दिलचस्प थे उसी तरह 2024 के लोकसभा चुनाव भी दिलचस्प होंगे। मगर यह तय है कि नए भारत में मोदी का चेहरा ही चुनाव जितवाएगा भी और हरवाएगा भी।

## सैम बहादुर ने डटकर किया एनिमल का सामना

विक्की कौशल स्टारर फिल्म 'सैम बहादुर' सिनेमाघरों में रणबीर कपूर की 'एनिमल' के साथ रिलीज हुई थी. 'एनिमल' के जबरदस्त क्रेज के बावजूद 'सैम बहादुर' भी बॉक्स ऑफिस पर गर्दा उड़ा रही है. फिल्म को दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है. हालांकि विक्की कौशल की फिल्म की रिलीज के पहले दिन शुरुआत थोड़ी धीमी रही थी लेकिन वीकेंड पर 'सैम बहादुर' ने एनिमल को जबरदस्त टक्कर दी और शानदार कलेक्शन किया है. विक्की कौशल स्टारर फिल्म 'सैम बहादुर' देश के पहले फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ की लाइफ पर बेस्ड है. मेघना गुलजार की डायरेक्शनल फिल्म को पहले दिन से ही संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित 'एनिमल' से क्लैश करना पड़ा है बावजूद इसके विक्की कौशल की फिल्म भी दर्शकों का दिल जीतने में कामयाब रही है. फिल्म की कमाई की बात करें तो 'सैम बहादुर' ने रिलीज के पहले दिन 6.25 करोड़ की कमाई की थी. इसके बाद शनिवार को यानी दूसरे दिन 'सैम बहादुर' की कमाई में 44 फीसदी का उछाल आया रिपोर्ट के मुताबिक 'सैम बहादुर' ने रिलीज के तीसरे दिन यानी रविवार को 10.30 करोड़ रुपयों का कलेक्शन किया है. इसी के साथ 'सैम बहादुर' की तीन दिनों की कुल कमाई अब 25.55 करोड़ रुपये हो गई है.

'सैम बहादुर' बॉक्स ऑफिस पर शानदार परफॉर्म कर रही है. ये फिल्म रणबीर कपूर की क्राइम थ्रिलर 'एनिमल' को जबरदस्त टक्कर दे रही है. विक्की कौशल की इस फिल्म ने तीन दिनों में 25 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है.

## सू- दोकू क्र.013

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।

2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।

3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.12 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# गंभीर आरोप, चिंताजनक

अब कनाडा की तरह अमेरिका आरोप लगा रहा है लेकिन इस पर भारत की प्रतिक्रिया वैसी नहीं है, जैसी कनाडा के आरोपों पर थी। तभी यह चिंता की बात लगती है क्योंकि इस तरह की घटनाओं और आरोपों से अंतरराष्ट्रीय बिरादरी में भारत की एक सभ्य, उदार और लोकतांत्रिक देश की छवि प्रभावित होती है।

खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कथित साजिश में अमेरिका द्वारा भारत के एक अधिकारी के शामिल होने का आरोप लगाना सचमुच गंभीर चिंता विषय है। अमेरिका के आरोपों पर पहली प्रतिक्रिया में भारत ने कहा है कि यह 'चिंता का विषय' है और 'भारत सरकार की नीतियों के विपरीत है'। भारत ने इस मामले की जांच के लिए एक उच्चस्तरीय कमेटी भी बनाई है, जिसकी रिपोर्ट के आधार पर सरकार तय करेगी कि आगे क्या करना है। जिस दिन इस मामले का खुलासा 'फाइनेंशियल टाइम्स' द्वारा किया गया था उस दिन से भारत की एक आधिकारिक लाइन रही है। विदेश मंत्रालय की ओर से कहा जा रहा है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऑर्गेनाइज्ड क्राइम, ट्रैफिकिंग, हथियार कारोबारियों और चरमपंथियों के बीच का नेक्सस सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है।

इससे लग रहा है कि भारत सरकार यह बताना चाह रही है कि अगर दुनिया के किसी देश में किसी चरमपंथी की हत्या हो रही है तो या हत्या की साजिश रची जा रही है तो उसके पीछे अपराधियों के अंतराष्ट्रीय गिरोहों के आपसी टकराव का हाथ है। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों में कनाडा, ब्रिटेन और पाकिस्तान में ऐसे कई अलगाववादियों और आतंकवादियों की हत्या हुई है या संदिग्ध स्थितियों में मौत हुई, जो भारत में वांछित थे। हालांकि इसके उलट भारत में यह धारणा बनाई जा रही है कि भारत विदेशों में छिपे देश के दुश्मनों का सफाया कर रहा है। सोशल मीडिया के जरिए भारत की सॉफ्ट स्टेट की छवि को बदलने की कोशिश हो रही है। कुछ समय पहले कनाडा में खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या हुई थी। तब कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिस ट्रुडो ने आरोप लगाया कि भारत की एजेंसियां इसके पीछे हैं। भारत ने न सिर्फ इसे बेतुका और आधारहीन बता कर खारिज किया, बल्कि कनाडा के साथ कूटनीतिक संबंधों में दूरी भी बनाई। अब कनाडा की तरह अमेरिका आरोप लगा रहा है लेकिन इस पर भारत की प्रतिक्रिया वैसी नहीं है, जैसी कनाडा के आरोपों पर थी। तभी यह चिंता की बात लगती है क्योंकि इस तरह की घटनाओं और आरोपों से अंतराष्ट्रीय बिरादरी में भारत की एक सभ्य, उदार और लोकतांत्रिक देश की छवि प्रभावित होती है।

अमेरिका ने सिर्फ आरोप नहीं लगाए हैं, बल्कि वहां की एक डिस्ट्रिक्ट अदालत में एक भारतीय नागरिक के ऊपर मुकदमा भी दर्ज हुआ और कहा गया है कि साजिश रचने में शामिल रहा भारतीय नागरिक भारत की एक एजेंसी का कर्मचारी है, जो अपने को 'सीनियर फील्ड ऑफिसर' कहता है और 'सिक्योरिटी मैनेजमेंट और इंटेलीजेंस' के लिए अपने को जिम्मेदार बताता है। अमेरिकी अदालत में जिस भारतीय नागरिक पर मुकदमा दर्ज हुआ है उसका नाम निखिल गुप्ता उर्फ निक है, जिसे 30 जून को चेक गणराज्य से गिरफ्तार किया गया। जिस साजिश में उसे गिरफ्तार किया गया है वह बेहद बचकानी और हास्यास्पद है। बताया जा रहा है कि उसने पन्नू की हत्या के लिए अमेरिका में जिस व्यक्ति को संपर्क किया वह अमेरिका की सरकारी एजेंसी का ही आदमी था। उसने सारी एजेंसियों को अलर्ट कर दिया। इस तरह की खबरों से भारतीय एजेंसियों की भी किरकिरी होती है। बहरहाल, खबर है कि अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन और सीआईए के निदेशक विलियम बर्न्स भारत आने वाले हैं। अमेरिका इस बात से नाराज है कि भारत ने उसकी जमीन पर एक अमेरिकी नागरिक की हत्या कराने की साजिश रची। भारत को जल्दी से जल्दी इस मामले को स्पष्ट करते हुए यह अध्याय बंद करना चाहिए। (आरएनएस)

# आंदोलनकारी संयुक्त परिषद ने की विधानसभा सत्र बुलाने की मांग

संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड आंदोलनकारी संयुक्त परिषद ने मुख्यमंत्री से विधानसभा सत्र शीघ्र बुलाने की मांग की।

आज उत्तराखंड आंदोलनकारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष सुरेश कुमारऔर प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल ने एक संयुक्त बयान जारी करते हुए प्रदेश की धामी सरकार से मांग की है कि वह विधान सभा का सत्र शीघ्र बुलाए। उन्होंने कहा कि सत्र अगर समय से शुरू हो जाएगा तो राज्य के आंदोलनकारी का 10 प्रतिशत क्षतिज आरक्षण भी पास हो जाएगा आंदोलनकारी आस लगाए बैठे हैं कि सरकार कब आरक्षण बिल को विधानसभा में पारित करेगी।

परिषद के जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार और प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल ने प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री धामी को उत्तराखंड के इससे उत्तराखंड के लोगों को बेरोजगार समस्त निवेशकों का सम्मेलन करने पर बधाई दी है तथा उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि इन निवेशकों के आने पर प्रदेश के अंदर रोजगार की प्राप्ति होगी तथा इस प्रकार के सम्मेलन होते रहने चाहिए ताकि यहां का विकास कार्य तीव्र गति से हो सके। आंदोलनकारी मुख्यमंत्री से आशा करते हैं कि जो आंदोलनकारियों की पेंशन है यहां शीघ्र से शीघ्र कोषागार द्वारा जारी की जाए ताकि आंदोलनकारी को पेंशन मिलने में कोई विलंब ना हो सके।

# शिविर में कृत्रिम अंग लगवाने पहुंचे दिव्यांग

रुडकी(आरएनएस)। रोटरी क्लब की ओर से आयोजित शिविर में तीसरे दिन विभिन्न अधिकारियों ने दिव्यांगों और अंग बना रहे चिकित्सकों का उत्साहवर्धन किया। पंजीकरण की संख्या अधिक होने पर शिविर को दो दिन और बढ़ा दिया गया है। यानि ये शिविर बुधवार तक जारी रहेगा।

एक होटल में आयोजित शिविर में जेएम दिवेश शाशनी ने कहा कि यह बेहद सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि इस शिविर से जुड़े लोग बधाई के पात्र हैं। कैंट बोर्ड के सीईओ विशाल शारस्वत भी पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि दुनिया में कई ऐसे दिव्यांग लोग हैं, जिन्होंने ऐसे कार्य किए हैं जो कि किसी भी साधारण व्यक्ति के लिए करना नामुमकिन है। इतना ही नहीं हर क्षेत्र में यह दिव्यांग औरों से बेहतर कर रहे हैं और उनकी मदद अब रोटरी क्लब कर रहा है, यह सराहनीय है।

# गांजे के साथ युवक गिरफ्तार

संवाददाता

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने आधा किलो गांजे के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने लकडघाट पुल के पास एक युवक को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 550 ग्राम गांजा बरामद कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम कपिल पुत्र दीपचंद निवासी लकडघाट श्यामपुर बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## अधिकारियों को लगाई...

◀◀ पृष्ठ 1 का शेष

पीआरडी के महानिदेशक और अधिकारी भी है फिर भला यह जांच क्या निष्पक्ष हो पाएगी। इस पर अमित सिन्हा का कहना है कि जांच की निगरानी वह खुद करेंगे और अगर जांच में गड़बड़ी हुई तो गड़बड़ी करने वालों पर भी कार्यवाही की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि पीआरडी जवानों द्वारा कल सीएम के सामने हंगामा व नारेबाजी करते हुए कहा था कि अधिकारी भ्रष्टाचार कर रहे हैं उन्हें पूरे कार्य दिवस काम करने का मौका नहीं दिया जा रहा है और हर महीने उनके 570 रूपये काटे जा रहे हैं। कल्याण कोष के नाम पर विभाग पहले 10 रूपये अंशदान की कटौती करता था। सरकार ने 2 साल पहले साल में 300 दिन काम देने की घोषणा की थी लेकिन उन्हें पूरे कार्य दिवस काम भी नहीं दिया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाने वाले पीआरडी जवानों पर कार्यवाही करने की बात कहने वाले युवा कल्याण विभाग के निदेशक जितेंद्र सोनकर अब सीएम के कड़े रूख के बाद खुद इस जांच के घेरे में आ गए हैं। जांच क्या सामने आता है यह अलग बात है लेकिन सीएम के कार्यक्रम में हुआ हंगामा सुरक्षा एजेंसियों की बड़ी लापरवाही के कारण सुर्खियों में जरूर आ गया है। जिसे लेकर सीएम धामी भी खासे नाराज हैं।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया जिलापूर्ति कार्यालय का घेराव

संवाददाता

देहरादून। राशन वितरण की समस्याओं को लेकर महानगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला पूर्ति कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।



आज यहां जिले में राशन वितरण से सम्बंधित समस्याओं को लेकर काँग्रेस कार्यकताओं ने जिला पूर्ति अधिकारी के कार्यालय का घेराव किया। कांग्रेस कार्यकर्ता कांग्रेस भवन में एकत्रित हुए और वहां से जुलूस के रूप में महानगर अध्यक्ष डॉ जसविन्दर सिंह गोगी के नेतृत्व में डिस्पेंसरी रोड स्थित जिला पूर्ति अधिकारी के कार्यालय के बाहर पहुंचे। यहां पर नारेबाजी और प्रदर्शन करते हुए कार्यकताओं ने जिला पूर्ति अधिकारी को व्यवस्था को तत्काल सुधारने की मांग करते हुए एक ज्ञापन दिया।

गोगी ने कहा कि पूर्व में जब कांग्रेस की सरकार थी तो राज्य के एपीएल कार्ड धारकों को 10-10 किलो गेहूं और चावल दिया जा रहा था परंतु जब से भाजपा की सरकार आई है, उसको बंद कर दिया गया है। अब मात्र साढ़े सात किलो चावल दिया जा रहा है जो कि एक परिवार के लिए बिल्कुल ही अपर्याप्त है। राज्य में उत्पादित पौष्टिक मोटे अनाज जैसे कोदा, झंगोरा आदि भी राशन की दुकानों के माध्यम से वितरित किये जायें। अन्यथा की स्थिति में कांग्रेस कार्यकर्ता इन मांगों को लेकर आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। प्रदर्शन में मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव नवीन जोशी, मनीष नागपाल, प्रदेश प्रवक्ता आशीष नौटियाल, पार्षद रमेश कुमार मंगू, सचिन थापा, ईंतात खान, मुनिक अहमद, राजेश पुण्डिर, मौहम्मद फारूख, चुन्नीलाल ढिंगरा, देवेन्द्र सिंह, विरेन्द्र पंवार, शकील मंसूरी, आफताब अहमद, शहजाद अंसारी, वक्कार अहमद, उदय सिंह, मुकेश रेगमी, दलबीर, रईस, रिपु दमन सिंह, पुनम कण्डारी, अर्जुन पासी, सुमित देवरानी, अमनदीप सिंह, आदर्श सूद, साहिद अहमद जमाल, सावित्री थापा, मंजू चौहान, सुनिता गुप्ता, फैजल, हेमन्त उप्रेती, सुभाष धीमान, अवधेश कटारिया, राजेश उनियाल, अशोक कुमार, जगदीश शर्मा, पूरण आर्य आदि उपस्थित थे।

# शराब के साथ दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रानीपोखरी थाना पुलिस ने वीरपुर मोड के पास एक स्कूटी सवार को रूकने का इशारा किया तो वह पुलिस को देख भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 72 पव्वे शराब के बरामद कर लिये। पूछताछ में उसने अपना नाम रामप्रकाश पुत्र प्रभु शाह निवासी काले की ढाल ऋषिकेश बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वाहन को सीज कर दिया। वहीं डोईवाला कोतवाली पुलिस ने नकरौदा हर्रावाला के पास से एक युवक को 54 पव्वे शराब के साथ गिरफ्तार किया। जिसने पूछताछ में अपना नाम सोनू सिंह पुत्र सुभाष निवासी चित्रा विहार नकरौदा बताया।

# लंबे समय से फरार चल रहा वारंटी गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

नैनीताल। लम्बे समय से पुलिस की आंखों में धूल झोंककर फरार चल रहे वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।



जानकारी के अनुसार बीते दिनो न्यायालय की ओर से थाना भीमताल को एक मुकदमें से सम्बन्धित गैर जमानती वांरट जारी किया गया। जिसमे बताया गया था कि लंबे समय से फरार महेंद्र कुमार पुत्र गोपाल राम निवासी कर्मचारी वुड हाउस कैफे सलडी भीमताल मूल पता ग्राम कुलाव थाना बैजनाथ बागेश्वर की गिरफ्तारी की जाये। मामले में पुलिस के अथक प्रयासों के बाद भी आरोपी फरार चल रहा था। जिसे पुलिस द्वारा एक सूचना के बाद आज सुबह सलड़ी से गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# स्मैक व नगदी सहित एक दबोचा

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। धर्मनगरी हरिद्वार में नशा तस्करी कर रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने 6.34 ग्राम स्मैक व 180 रूपये की नगदी सहित गिरफ्तार कर लिया है।



जानकारी के अनुसार बीती शाम थाना पथरी पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में एक नशा तस्कर नशीले पदार्थो की डिलीवरी हेतू आने वाला है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को टिहरी विस्थापित बिजली घर के समीप एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखायी दिया। पुलिस ने जब उसे रूकने का इशारा किया तो वह सकपका कर भागने लगा। इस पर उसे घेर कर दबोचा गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 6.34 ग्राम स्मैक व 180 रूपये की नगदी बरामद हुई। थाने लाकर की गयी पूछताछ में उसने अपना नाम परवेज पुत्र जब्बार निवासी अलावलपुर थाना पथरी जनपद हरिद्वार बताया। पुलिस ने उसे सम्बन्धित धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

## एक नजर

# 350 करोड़ में कितने जीरो होते हैं, गिनना पड़ेगा, मैंने तो कभी जीवन में नहीं देखेः पी. चिदंबरम

नई दिल्ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम ने कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और कारोबारी धीरज साहू के ठिकानों से 350 करोड़ से ज्यादा कैश बरामद होने पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि मैंने अपने जीवन में 350 करोड़ रुपये नहीं देखे हैं। अगर आप मुझसे पूछें कि इसमें कितने शून्य होते हैं तो मुझे गिनना पड़ेगा। चिदंबरम ने आगे कहा कि कांग्रेस का इससे कोई लेना-देना नहीं है। एक पार्टी सांसद के परिवार के स्वामित्व वाली डिस्टिलरी कंपनी के खिलाफ आईटी विभाग की छापेमारी के दौरान 351 करोड़ रुपये नकद जब्त किए गए। उन्होंने कहा कि हम केवल एक पार्टी चलाते हैं, जहां एक पार्टी है और राजनीतिक उद्देश्यों के लिए पार्टी में सदस्य हैं। हमें इसकी चिंता नहीं है, ये एक व्यक्ति का बिजनेस है। वह जब समझाना चाहेगा, तब समझाएगा। दरअसल, कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू शराब कारोबारी हैं। ये छापेमारी उनकी कंपनी बौद्ध डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड से जुडे़ ठिकानों पर छह दिसंबर को शुरू हुई थी। धीरज साहू का परिवार शराब व्यवसाय से जुड़ा है। उनकी ओडिशा में शराब बनाने की कई फैक्ट्रियां हैं। संयुक्त पारिवारिक सहयोग से ये कारोबार चलाता है। साहू ग्रुप पर टैक्स चोरी का आरोप है। इसी सिलसिले में 6 दिसंबर को छापेमारी की कार्रवाई शुरू हुई थी। इस छापेमारी में अब तक 351 करोड़ रुपये मिले हैं। इन गड्डियों को अलमारियों में रखा गया था। कैश की गिनती के काम में आयकर विभाग और विभिन्न बैंकों की लगभग 80 अधिकारियों की 9 टीमें जुटी थीं। इन्होंने 24 घंटे की शिफ्ट में काम किया।



# शाहरुख खान ने माता वैष्णों देवी के दरबार में माथा टेका

जम्मू। बॉलीवुड के किंग खान अपने आने वाली फिल्म डंकी के प्रमोशन के लिए माता वैष्णों देवी के मंदिर पहुंचे। शाहरुख खान ने यहां माथा टेका और अपनी आने वाली फिल्म की सक्सेस के लिए दुआ मांगी। साल 2023 में डंकी फिल्म शाहरुख के तीसरी फिल्म है। जो रिलीज के लिए तैयार है। शाहरुख ने 12 दिसंबर, मंगलवार को सुबह-सुबह माता रानी के दरबार में माथा टेका। शाहरुख माता रानी के दरबार में पैदल दर्शन करने पहुंचे। उन्होंने अपनी पहचान छुपाने के लिए काले रंग और चश्मा लगाया हुआ था। उनकी सिक्योरिटी भी उनके साथ नजर आई। मां के दरबार में माथा टेकने से सभी की मनोकामना पूर्ण हो जाती है। शाहरूख खान की फिल्म डंकी इस साल 21 दिसंबर को रिलीज होगी। शाहरूख के लिए माता रानी का आशीर्वाद लेना लकी माना जा रहा है। इससे पहले भी शाहरूख खान साल की शुरुआत में अपनी फिल्म पठान और जवान के लिए माता वैष्णों देवी के दरबार में हाजरी लगाने पहुंचे थे। मां वैष्णों देवी का मंदिर जम्मू कश्मीर राज्य में स्थित है, जहां रोज लोग हजारों की संख्या में दर्शन करने आते हैं।



# एनआईए ने किया आईएसआईएस मॉड्यूल का भंडाफोड़, 51 हमास के झंड़े, 68 लाख कैश जब्त

मुंबई। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को कर्नाटक और महाराष्ट्र में आईएसआईएस के एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया। इस ऑपरेशन में एनआईए ने न सिर्फ हथियार बल्कि नकदी, डिजिटल डिवाइस और हमास के झंडे भी जब्त किए हैं। एनआईए ने हाल ही में महाराष्ट्र में आईएसआईएस मॉड्यूल को निशाना बनाते हुए एक महत्वपूर्ण ऑपरेशन को अंजाम दिया। महाराष्ट्र और कर्नाटक में कुल 44 जगहों पर तलाशी ली गई, जिनमें से अधिकतर छापे महाराष्ट्र में हुए। खासकर मुंबई के पास पद्घा-बोरीवली गांव में। भिवंडी के पडघा गांव में एक साथ एक विशेष ऑपरेशन हुआ जिसमें 15 व्यक्तियों को गिरफ्तारी किया गया। इसमें मुख्य आरोपी साकिब नाचन भी शामिल था। इसकी पहचान महाराष्ट्र आईएसआईएस मॉड्यूल के नेता के रूप में की गई थी। ऑपरेशन के दौरान, एनआईए ने पडघा बोरीवली गांव, ठाणे शहर, पुणे, मीरा भयंदर और अंधेरी में कार्गो हवाई अड्डा क्षेत्र के साथ अन्य क्षेत्रों में भी छापेमारी की। अधिकारियों ने 68 लाख रुपये कैश, एक पिस्तौल, 2 एयर गन, 10 मैगजीन, 8 तलवारें, हमास देश के 51 झंडे, 38 मोबाइल फोन और 2 लैपटॉप जब्त किया है।



# सीएम बोलेः नशा मुक्त देवभूमि बनाने में जन सहयोग की जरूरत



विशेष संवाददाता

देहरादून। देवभूमि को 2025 तक नशा मुक्त बनाने के संकल्प को दोहराते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज प्रबुद्धजनों और आमजन से सहयोग की अपील की है। उनका कहना है कि इस बड़े लक्ष्य को हासिल करने में सभी का सहयोग जरूरी है।

गांधी पार्क में आयोजित ड्रग्स मुक्त देवभूमि कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि देवभूमि को 2025 तक हर प्रकार के नशे से मुक्त करने का उन्होंने जो विकल्प रहित संकल्प लिया है उसे तब तक पूरा नहीं किया जा सकता है जब तक आम लोगों का सहयोग नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह से बीते कुछ दशकों में नशे का प्रचलन बढ़ा है और इसकी जद में हमारी युवा पीढ़ी के साथ स्कूली बच्चे भी आ रहे हैं वह अत्यंत ही गंभीर और चिंतनीय मुद्दा है। अगर इसे प्रभावी ढंग से नहीं रोका गया तो आने वाली पीढियों के लिए यह अत्यंत ही घातक सिद्ध होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने 2025 तक देवभूमि को ड्रग्स और किसी भी

## ❑जन जागरुकता अभियान चलाने की अपील

तरह के नशे से मुक्त करने का जो संकल्प लिया है उसको पूरा करने के लिए हम पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा नशा माफिया और नशा तस्करों की धरपकड़ के लिए पुलिस द्वारा पूरे प्रदेश में अभियान चलाया जा रहा है तथा नशा बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। आगे भी वह इसे और अधिक प्रभावशाली ढंग से से लागू करने की योजना बना रहे हैं।

उन्होंने कहा कि लेकिन इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है। हर व्यक्ति को अपने आसपास के लोगों की गतिविधियों पर नजर रखने और नशा तस्करों के बारे में पुलिस को सूचना देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि देवभूमि के विकास व संस्कृति की रक्षा के लिए राज्य में नशे पर लगाम लगाना जरूरी है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। वक्ताओं ने नशे के खिलाफ जन जागरूकता अभियान चलाने की भी अपील की।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को गाजियाबाद से गिरफ्तार कर उसको न्यायालय में पेश किया जायेगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एक महिला ने कोतवाली ऋषिकेश में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि श्याम पार्क साहिबाबाद गाजियाबाद निवासी नीरज कुमार के द्वारा उसकी नाबलिग बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने सर्विलांस की सहायता से आरोपी की जानकारी एकत्रित करते हुए गत रात्रि उसको गाजियाबाद से गिरफ्तार कर लिया गया। आज उसको न्यायालय में पेश किया जायेगा।

# लोडर की चपेट में आकर बाईक सवार सिपाही की मौत

संवाददाता

देहरादून। डयूटी से घर की तरफ जा रहे बाईक सवार सिपाही की लोडर की चपेट में आकर मौत हो गयी। पुलिस ने लोडर चालक को गिरफ्तार कर लोडर को सीज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस लाईन में तैनात सिपाही पंकज जोशी रात्रि में डयूटी खत्म कर अपने घर जा रहा था। जब वह अपनी बाईक से मोहकमपुर फ्लाई ओवर पर पहुंचा तभी तेज गति से आ रहे लोडर ने उसको अपने चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही नेहरू कालोनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने मौके से लोडर चालक को गिरफ्तार कर लोडर को सीज कर दिया। पुलिस ने सिपाही के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# गोवंश तस्करी में एक गिरफ्तार, एक फरार




हमारे संवाददाता

हरिद्वार। गोवंश तस्करों पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। जिसके कब्जे से एक गौवंशीय पशु भी बरामद हुआ है। हालांकि इस दौरान तस्कर का साथी फरार होने में सफल रहा जिसकी तलाश जारी है।

जानकारी के अनुसार थाना पथरी पुलिस को सूचना मिली कि बहादराबाद रोड पर एक सेंट्रो कार में कुछ व्यक्ति एक जिंदा गौवंश को ले जा रहे हैं, उक्त सूचना पर जब पुलिस द्वारा बहादराबाद रोड पर घेराबंदी की गई और कार को रोकने का इशारा किया गया तो चालक कार को लेकर इब्राहिमपुर की ओर भाग निकला और गांव में एक घेर में जाकर रोक दिया। पुलिस द्वारा वाहन का पीछा कर उसको पकड़ लिया गया। हालांकि इस दौरान कार में मौजूद एक व्यक्ति भाग निकला लेकिन उसका साथी पकड़ा गया। पुलिस ने कार के अन्दर से एक जिन्दा गाय बरामद की। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम नवाब पुत्र यासीन निवासी इब्राहिमपुर थाना पथरी जनपद हरिद्वार बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश कर दिया है।

# दुकान का शटर तोडकर हजारों की नगदी व सामान चोरी

देहरादून (सं)। चोरों ने जन सेवा केन्द्र का शटर तोडकर वहां से 40 हजार की नगदी व सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार रायपुर निवासी मंजीत पाल ने रायपुर थाने में मुकदमा दर्ज कर बताया कि उसका जैन प्लाट के पास जन सेवा केन्द्र है। आज जब वह अपनी दुकान पर पहुंचा तो उसने देखा कि उसकी दुकान का शटर टूटा हुआ था तथा अन्दर सारा सामान बिखरा हुआ था। उन्होंने कहा कि चोर उसके यहां से चालीस हजार रूपये नगद, चार्जर व अन्य सामान चोरी करके ले गये हैं।

**आर.एन.आई.-** 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकारः**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*